हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, बुधवार, जून 12, 2024

11 शहर में हो रहे अपराधों को लेकर डीसी को सौंपा ज्ञापन



12 गांव स्तर पर युवाओं के बन सकेंगे कंडक्टर लाइसेंस



## खबर संक्षेप

### दो ट्यूबवेलों से चोरों ने सैकड़ों फुट केबल चुराई

**फतेहाबाद।** गांव बनमंदौरी में चोरों ने दो किसानों के ट्यूब्वैलों से सैकड़ों फुट केबल चोरी कर ली। इस बारे पीड़ित किसानों ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव बनमंदौरी निवासी सुनील कुमार ने कहा है कि उसने गांव में स्थित अपने खेत में ट्यूब्वैल लगाया हुआ है। आज सुबह जब वह खेत में गया तो उसने देखा कि अज्ञात चोर उसके खेत में लगे ट्यूब्वैल से करीब 92 फुट केबल काटकर चोरी कर ले गए थे।

### आंगनबाड़ी केन्द्र से हजारों का सामान चोरी

**फतेहाबाद।** चोरों ने भट्टू मण्डी के आंगनबाड़ी केन्द्र से हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। इस बारे सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी है। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में भट्टू आंगनबाड़ी केन्द्र में कार्यरत आंगनबाड़ी वर्कर संतोष ने कहा है कि गत दिवस अज्ञात चोर आंगनबाड़ी केन्द्र में घुस गए और वहां से 150 किलो चीनी, झूले, कुर्सी, मेज, 40 पैकेट दूध सहित काफी सामान चोरी कर ले गए हैं।

### नहला के सरकारी स्कूल से सामान चोरी

**फतेहाबाद।** चोरों ने गांव नहला के सरकारी स्कूल के ताले तोड़कर वहां से हजारों का सामान चोरी कर लिया। स्कूल की हैड रितु ने अपनी शिकायत में बताया कि गत दिवस पार्ट टाईम कर्मचारी पप्पूराम जब विद्यालय में गया तो एजुसैट रूम का ताला टूटा हुआ था। उसने जब सामान की जांच की तो पाया कि अज्ञात चोर विद्यालय के कमरे का ताला तोड़कर वहां से एजुसैट की दो बैटरी और एक पानी की मोटर को चोरी कर ले गए हैं।

### मकान के ताले तोड़कर लाखों के गहने चुराये

**फतेहाबाद।** चोरों ने गांव घासवां में एक मकान में घुसकर वहां से लाखों के गहने चोरी कर लिए। इस बारे सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी है। जसपाल सिंह ने पुलिस को कहा कि वह परिवार के साथ घर पर सोया हुआ था। रात को चोर उसके मकान के पीछे वाली खिड़की को तोड़कर उसके मकान में घुस गया। चोरों ने मकान के कमरों के ताले तोड़कर वहां से 5 तोले सोने के गहने व 10 तोले चांदी के गहने चोरी कर ले गया।

### घर में सेंध लगाकर नकदी चुराई

**सिरसा।** शहर के हुडा सेक्टर-20 के पार्ट-1 में कमरे में सो रहे व्यक्ति का मोबाइल व पर्स से 23 हजार रुपए की नकदी चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में राजस्थान निवासी प्रभुराम ने बताया कि वह 9 जून को रात को वह रिश्तेदारी में हुडा सेक्टर-20 के पार्ट-1 में आया हुआ था। रात को वह कमरे में सो गया। उसने पास ही रखी मेज पर मोबाइल व पर्स रख दिया।

### गंजा रूपाणा में लाखों रुपये के आभूषण चुराए

**चोपटा।** गांव गंजा रूपाणा में चोर एक मकान में घुसकर 20 हजार रुपए की नकदी सहित लाखों रुपए के आभूषण चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में मकान मालिक सुशील कुमार ने बताया कि रात को परिवार के लोग खाना खाकर सो गए। देर रात को चोरों ने मकान में घुसकर कमरे में रखे ट्रंक का ताला तोड़कर उसमें रखी 20 हजार रुपए की नकदी, 3 तोले सोने के आभूषण, 2 चांदी की पाजेब और 4 चांदी के सिक्के चोरी कर ले गए। हालांकि चोर के जाते वक्त आहट होने पर परिवार की महिला ने शोर भी मचाया, लेकिन तब तक आरोपी भागने में कामयाब हो गया। उन्होंने सामान संभाला तो उपरोक्त सामान गायब था, जिस पर सुबह तुरंत पुलिस को घटना बारे सूचित किया।

## 10 जून तक सभी राशन कार्ड धारकों को ई-केवाईसी करवानी थी जरूरी

# ई-केवाईसी न करवाने पर राशन मिलना हुआ बंद, आधार केन्द्रों व बैंकों के बाहर लगी लाइनें

**जिसे भी राशन मिले, उसकी ई-केवाईसी होनी चाहिए, तभी वह राशन लेने का पात्र माना जाएगा**

सुरेन्द्र असीजा ▶▶ फतेहाबाद



फतेहाबाद। ई-केवाईसी के लिए बैंक के बाहर लगी लोगों की लाइन।

प्रदेश में पीडीएस प्रणाली के तहत राशन वितरण मामले में धांधली को रोकने के लिए राशन कार्ड धारकों की ई-केवाईसी करवाई जा रही है। प्रदेश का कोई भी राशन कार्ड धारक अगर अपनी व अपने परिवार की ई-केवाईसी नहीं करवाता तो उसका राशन कार्ड बंद कर दिया जाएगा, जिसके बाद उसे अनाज नहीं मिलेगा। फतेहाबाद जिले में 1 लाख 87 हजार से ज्यादा राशन कार्ड धारक है। दरअसल प्रदेश में जिन परिवारों के परिवार पहचान पत्र या आधार कार्ड में नाम है, उनके पारिवारिक सदस्य किसी कारणवश प्रदेश से बाहर रह रहे हैं, या उनका भी राशन जा रहा है, सरकार चाहती है कि जिसे भी राशन मिले, उसकी यहां ई-केवाईसी होनी चाहिए, तभी वह राशन लेने का पात्र माना जाएगा। इसके अलावा मंगलवार को फतेहाबाद के आधार केन्द्रों व बैंकों के बाहर लंबी कतारें लगी रही।

### जिले में 1 लाख 87 हजार राशन कार्ड धारक

जिले के राशनकार्ड धारकों को ई केवाईसी कराना होगा, नहीं तो आपको राशन नहीं दिया जाएगा। जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक विनीत जैन का कहना है कि जिले में 1 लाख 87 हजार से कार्डधारक हैं। इसमें से लगभग 40 फीसदी लोगों ने ई-केवाईसी करा लिया है। बचे हुए उपभोक्ता को भी यह कराना जरूरी है। ई-केवाईसी का शत प्रतिशत टारगेट पूरा करने को लेकर सभी एएफएसओ व राशन कार्ड धारकों को आवश्यक निर्देश दिए गए है। जल्द ही इस टारगेट को पूरा कर लिया जाएगा।

### कैसे और कहां कराएं ई-केवाईसी

राशन कार्ड उपभोक्ता जिस पीडीएस दुकान से अपना अनाज लेते हैं वहां जाकर राशन कार्ड की ई केवाईसी करा सकते हैं। उपभोक्ता अपने परिवार के सभी सदस्यों के साथ अपने आधारकार्ड लेकर राशन डिपो पर जाएं, वहां ई-केवाईसी हो जाएगा। अगर राशन कार्ड में दर्ज एक भी सदस्य कम होगा तो उस सदस्य का राशन नहीं मिलेगा, इसलिए सभी सदस्यों का केवाईसी कराना जरूरी है। जिनका ई केवाईसी होगा सिर्फ उनके नाम का राशन मिलेगा।

### फर्जीवाड़ा होगा खत्म

कई बार ऐसे लोगों का भी राशन लिया जाता है जो लंबे समय से बाहर हैं या मृत हैं। केवाईसी कराने पर फर्जीवाड़े की गुंजाइश नहीं रहेगी। उन सदस्यों को अनाज दिया जाएगा जिनका ई केवाईसी हुआ होगा। उन लोगों का अनाज नहीं मिलेगा जिनका फिंगरप्रिंट नहीं हुआ होगा। आधारकार्ड के साथ फिंगर मैच कराया जाता है, तभी ई केवाईसी पूरी होती है। यह बिल्कुल मुफ्त होती है। इसके लिए किसी प्रकार की शुल्क नही लगती है।

### फरवरी तक टारगेट पूरा करने का था समय, जून की अवधि भी बीती

बता दें कि सभी राशन कार्ड धारकों का ई-केवाईसी करने के लिए प्रदेश सरकार ने पहले 29 फरवरी की डेडलाइन तय की थी। सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार 40 प्रतिशत ई-केवाईसी का काम नवम्बर 2023 तक, 60 प्रतिशत ई-केवाईसी का काम दिसम्बर 2023 तक तथा 80 प्रतिशत ई-केवाईसी करने का टारगेट जनवरी 2024 रखा गया था जबकि 29 फरवरी 2024 तक 100 प्रतिशत ई-केवाईसी करने की डेडलाइन रखी गई थी। अधिकारियों या डिपो धारकों की लापरवाही मानें या लोगों में इसको लेकर जागरूकता का अभाव, विभाग डेडलाइन तक भी टारगेट को हासिल नहीं कर पाया।

### राशन कार्ड मिलना बंद हुआ तो लगी लाइनें

अब इसके बाद 10 जून 2024 की डेडलाइन तय की गई थी। डेट बीत जाने पर टारगेट हासिल नहीं हुआ तो लोगों को राशन कार्ड मिलना बंद हो गया। यही कारण रहा कि 11 जून को फतेहाबाद के सभी आधार केन्द्रों, बैंकों, सीएससी सैंटरों पर ई-केवाईसी के लिए राशन कार्ड धारकों की लाइनें लगी रही।

## आमजन की समस्यायों का प्राथमिकता से करें निवारण : एसडीएम

- लघु सचिवालय परिसर में समाधान शिविर का आयोजन किया

**रतिया।** उपमंडल स्तर पर आमजन की शिकायतों जैसे परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी आईडी, राशन कार्ड, बुढ़ापा पेंशन आदि के समाधान के लिए लघु सचिवालय परिसर में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर एसडीएम जगदीश चन्द्र ने संबंधित विभाग के अधिकारियों व कर्मचारीयों को निर्देश दिए कि वे समाधान शिविर में आमजन की समस्याओं को सुने और मौके पर ही निपटारा करें। उन्होंने कहा कि लोगों को सरकार की योजनाओं के बारे में ज्यादा से ज्यादा जागरूक करें और उन्हें योजनाओं का लाभ उठाने के लिए भी प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि लोगों की जितनी भी समस्याएं रखी जाएंगी, उनका रिकॉर्ड भी अवश्य मेंटेन रखें। शिविर में नागरिकों की प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड व विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनायों आदि समस्याएं सुनी गई। एसडीएम जगदीश चन्द्र ने कहा कि सरकार ने प्रत्येक कार्य दिवस में समाधान शिविर का आयोजन करके लोगों की समस्याओं को दूर करने का उदेश्य रखा है। रतिया उपमंडल स्तर पर सभी कार्य दिवस के दिन सुबह 9 बजे से 11 बजे तक विशेष समाधान शिविर का आयोजन होगा।

## राजेन्द्र खिंची ने की केन्द्रीय मंत्री से मुलाकात

- प्रदेश की राजनीति को लेकर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



फतेहाबाद। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र खटीक को बधाई देते नगरपरिषद प्रधान राजेन्द्र खिंची।

नवनियुक्त सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र खटीक के दिल्ली में कार्यभार संभालने के बाद मंगलवार को फतेहाबाद नगर परिषद प्रधान राजेन्द्र सिंह खिंची ने उनसे मुलाकात की और बधाई दी। कैबिनेट मंत्री खटीक के साथ खिंची ने प्रदेश की राजनीति को लेकर चर्चा की। इस दौरान इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर कमल किशोर, एससीएसटी हरियाणा के वाईस चेयरमैन विजेंद्र बडगुज्जर मौजूद रहे। मंत्री खटीक ने नगर परिषद प्रधान खिंची के साथ राजनीति को लेकर चर्चा करते हुए कहा कि देश उन्नति की तरफ अग्रसर है तभी तीसरी बार नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने है। बिना भेदभाव के सरकार विकास करवा रही है। बता दे कि डॉ. वीरेन्द्र खटीक एक बार फिर से मोदी सरकार में मंत्री बने है। टीकमगढ़ संसदीय क्षेत्र से आठवीं बार सांसद चुने गए वीरेंद्र खटीक लोकप्रिय नेता माने जाते है। नगर परिषद प्रधान राजेंद्र सिंह खिंची कैबिनेट मंत्री डॉ वीरेंद्र खटीक के नजदीकी है।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत प्रीमियम भुगतान की अंतिम तिथि 31 जुलाई

**सिरसा।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत जिला में एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी को खरीफ 2024 के लिए बीमा को लेकर हरियाणा सरकार की अधिसूचना के अनुसार अधिकृत किया गया है, जिसमें खरीफ फसलों के लिए धान, कपास, बाजरा, मूंग व मक्का को लिया गया है। इसमें किसान को बीमा करवाने के लिए प्रति हेक्टेयर निर्धारित राशि वहन करनी होगी।कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डा. सुखदेव सिंह ने बताया कि खरीफ 2024 की फसलों की प्रीमियम राशि धान फसल के लिए 2023.8 रुपये, कपास के लिए 5176.25 रुपये, बाजरा के लिए 975.58 रुपये, मक्का के लिए 1037.84 रुपये व मूंग के लिए 908.1 रुपये प्रति हेक्टेयर की दर से किसान द्वारा बीमा करवाने के लिए वहन करना होगा तथा बीमा करवाने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2024 तक है।



शोरूम :- लाल बत्ती चौक, ताउ देवी लाल टाउन पार्क के सामने, डबवाली रोड, सिरसा
टेली. : 86077-80000, 82220-10000

## महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा में दाखिला प्रक्रिया शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

चौधरी मनीराम गोदारा राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा में स्नातक के लिए प्रवेश प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है। महाविद्यालय में प्रवेश की फीस भी न्यूनतम है। महाविद्यालय में स्नातक के लिए बीए, बीकॉम, बीएससी, बीसीए आदि कोर्स उपलब्ध हैं। छात्राएं अपनी रुचि और बेहतर संभावनाओं को देखते हुए किसी भी कोर्स में दाखिला ले सकती हैं। महाविद्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि महाविद्यालय में योग्य व अनुभवी शिक्षकों के अलावा अनेक सुविधाएं जैसे छात्राओं के लिए हॉस्टल की सुविधा, कंप्यूटर लैब, वाईफाई कैंपस, वातानुकूलित पुस्तकालय, विभिन्न प्रकार की स्कॉलरशिप, फ्री बस पास की सुविधा, हराभरा वातावरण उपलब्ध है। राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा छात्राओं को विषय चयन के मामले में भी अनेक विषय प्रदान करता है जिसमें हिंदी, इंग्लिश, इतिहास, गणित, कंप्यूटर एप्लीकेशन, मनोविज्ञान, गृह विज्ञान, अर्थशास्त्र, पंजाबी, भूगोल, शारीरिक शिक्षा, राजनीति विज्ञान, संस्कृत आदि शामिल हैं। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में दाखिला लेकर छात्राएं अपना सुनहरा भविष्य बना सकती है।

## राजकीय महाविद्यालय में बीए में दाखिले के लिए 160 सीटें निर्धारित

**फतेहाबाद।** जिला मुख्यालय पर स्थित राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विवेक सैनी व उप प्राचार्य डॉ. गुरनाम चंद ने संयुक्त रूप से बताया कि महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए दाखिला प्रक्रिया 5 जून से आरंभ हो चुकी है। महाविद्यालय में 160 सीटे बीए व 80 सीटे बीकॉम के लिए निर्धारित की गई है। वर्तमान में महाविद्यालय पिछले वर्ष से राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा के साइंस ब्लाक में संचालित है। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय भवन का निर्माण बस स्टैंड के साथ अति शीघ्र आरंभ होने जा रहा हैं।

## दो युवक अवैध पिस्तौल सहित गिरफ्तार

**सिरसा।** सीआईए सिरसा पुलिस ने गश्त व चैकिंग के दौरान थेहड़ मोहल्ला क्षेत्र से दो युवकों को एक अवैध पिस्तौल व एक जिंदा कारतूस सहित काबू किया है। सीआईए सिरसा प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि थाना की एक पुलिस टीम गश्त व चैकिंग के दौरान शहर के थेहड़ मौहल्ला सिरसा क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस पार्टी को दो युवक खड़े दिखाई दिए। उक्त युवकों ने सामने से आ रही पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक वापस मुड़कर भागने की कोशिश की। पुलिस ने शक के आधार पर उक्त युवकों को काबू कर नियमानुसार तलाशी ली तो उनके कब्जा से एक अवैध पिस्तौल व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। युवकों की पहचान सागर पुत्र बलबीर सिंह निवासी मेला ग्राउंड सिरसा व प्रेम कुमार पुत्र तारा सिंह निवासी कोटडा मानसा पंजाब के रूप में हुई।

## डोडा पोस्त सहित फतेहाबाद पुलिस ने दो युवकों को किया गिरफ्तार

- पुलिस ने दोनों युवकों पर थाना शहर फतेहाबाद में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

नशा तस्करों की धरपकड़ करते हुए फतेहाबाद पुलिस ने बाईक सवार दो युवकों को गिरफ्तार कर डोडा पोस्त बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार सीआईए स्टाफ टोहाना पुलिस की टीम एएसआई सुरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में गश्त के दौरान नशीले पदाथार्ें की तस्करी रोकने को लेकर हिसार-सिरसा बाईपास रोड पर रतिया रोड पुल के पास मौजूद थी। इसी दौरान रोंग साइड से एक मोटरसाइकिल पर दो युवक बीच में प्लास्टिक कट्टा लिए आते दिखाई दिए। उक्त युवक सामने पुलिस टीम को देखकर घबराकर बाइक को वापस मोड़ने की कोशिश करने लगे। शक के आधार पर पुलिस कर्मचारियों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों युवकों को काबू कर लिया। पूछताछ में युवकों ने अपना नाम मंगत राम उर्फ मंगा निवासी भाटिया कालोनी फतेहाबाद व नवीन कुमार निवासी खरड़ जिला हिसार बताया। पुलिस ने जब इनकी तलाशी ली तो इनके पास प्लास्टिक कट्टे में से 21 किलो कचरा डोडा पोस्त बरामद हुआ। इस पर पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर थाना शहर फतेहाबाद में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

फादर्स-डे, 16 जून स्पेशल



आवरण कथा / वंदना जोशी

पिता के लिए बेटी बहुत दुलारी होती है, उसे यूं ही नहीं 'पापा की परी' कहा जाता। बेटी का भी अपने पापा से बेहद जुड़ाव और प्यार होता है। उसे लगता है, पापा हैं तो उसकी हर ख्वाहिश पूरी होगी, सपने पूरे होंगे। पापा भी अनेक रूपों में उसकी खुशी पूरी करने में कोई कसर नहीं छोड़ते। एक पिता यानी बाबुल के वो रूप, जो बेटी के साथ छाया बनकर रहते हैं।

# कई रूप तुम्हारे बाबुल प्यारे

बेटी के लिए उसके पिता अर्थात बाबुल के कई रूप होते हैं। देखा जाए तो किसी भी बेटी के लिए उसका बाबुल उस वटवृक्ष की तरह है, जिसकी शीतल छांव न केवल अपनी बिटिया को दुनियाभर के संघर्षों, विपत्तियों की तपती धूप से बचाता है, उसे निश्चिंत और निर्भीक होकर जीने का साहस भी देता है। देखा जाता है कि ज्यादातर बेटियां अपने पिता के ज्यादा नजदीक होती हैं। ऐसे में पिता अकसर बेटियों की परवरिश को लेकर बहुत चिंतित रहते हैं, उन्हें खुशहाल जिंदगी देने का हर संभव प्रयास करते हैं। यह हर



पिता का सपना होता है, बेटियां मजबूत और आत्मनिर्भर बनें। इस सपने को पूरा करने के लिए या अपने सभी दायित्वों को बेहतर ढंग से निभाने के लिए पिता नए-नए रूपों में दिखाई देते हैं।

## करते हैं मोटिवेट

यह सही है कि अधिकांश पिता इतने ज्यादा व्यस्त रहते हैं कि वे अपने बच्चों के साथ कम ही समय बिता पाते हैं। इससे उनके और बच्चों के बीच एक दूरी बन जाती है, लेकिन इधर कुछ वर्षों में उन्होंने इस बात को महसूस किया है, ये दूरियां मिटाई हैं। आज के पिता अपने बच्चों, विशेषकर अपनी बेटियों, से कनेक्ट रहने की पूरी कोशिश में रहते हैं। वे बेटियों के साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताकर उन्हें बेहतर तरीके से जानने-समझने की कोशिश करते हैं। वे बेटियों को यह शिक्षा भी देते हैं कि आज के प्रतियोगी दौर में जीवन में कैसे चला जाए कि सफलताएं मिलें। इससे बेटियां मोटिवेट होती हैं, सफलता की नई-नई ऊंचाइयां छूती हैं।

## बनते हैं सुरक्षा कवच



जिस तरह सीप का सख्त आवरण अपने अंदर मौजूद मोती की सुरक्षा करता है, उसी तरह पिता भी अपनी बेटी के लिए सुरक्षा कवच बनते हैं। आज के पिता अपनी बेटियों को ना केवल इस कुटिल जमाने का सामना करने के लिए उसके इर्द-गिर्द अदृश्य रूप में मौजूद रहते हैं, बल्कि वे उन्हें इस लायक भी बनाते हैं कि वे खुद होशियारी और बहादुरी से हर विकट स्थिति का सामना करें। बेटियां शारीरिक रूप से मजबूत भी रहें, इसके लिए आज के पिता सचेत रहते हैं। वे अपनी बेटियों को बचपन से ही स्पोर्ट और फिटनेस के प्रति रुचि जगाते हैं। वे बेटियों को उनके पसंदीदा खेल को खेलने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। साथ ही उन्हें हर रोज व्यायाम और सुरक्षात्मक खेल, जैसे- जुडो-कराटे सिखाते हैं। यह आज के पिता के बदले रूप का ही परिणाम है, जो हमारी बेटियां खेल के विश्व मंच पर बेहतरीन प्रदर्शन कर अपना और अपने देश का नाम रोशन कर रही हैं।

## रखते हैं पूरा ध्यान



वह पिता ही होते हैं, जो अपनी बेटियों का सबसे ज्यादा ध्यान रखते हैं। नए दौर के पिता न केवल बेटियों की देखभाल करते हैं बल्कि उन्हें खुद की देखभाल करना भी सिखाते हैं, जिससे उनकी दुलारी बेटी को छोटे-छोटे कामों के लिए दूसरों पर निर्भर ना रहना पड़े। आज जब अधिकांश बेटियों को घर और शहर से बाहर जॉब करने जाना पड़ता है, तब उन्हें अपने पिता की यह सीख बहुत काम आती है, वे अपना ख्याल खुद रखने में सक्षम रहती हैं।

## बेटियों के आधार स्तंभ

समय के साथ-साथ समाज में पिता की भूमिका और उनका स्वरूप भी बहुत बदला है। पहले अधिकांश पिता अपनी बेटियों पर कम ही विश्वास करते थे। लेकिन इस नए दौर में बेटी और पिता के बीच विश्वास गहरा हुआ है। अब पिता अपनी बेटियों की कॉलेज या वर्क प्लेस की गतिविधियों पर रोक-टोक नहीं लगाते, एक भरोसा रखते हैं। इससे बेटियों के व्यक्तित्व का विकास सही ढंग से होता है। वे उस मुकाम पर आती हैं, जो उन्हें एक पहचान देता है, सशक्त बनाता है। पिता को यकीन है कि उनकी लाडली ऐसा कोई काम नहीं करेगी, जिससे उनके परिवार की साख गिरे। पिता के इस भरोसे से बेटियों का आत्मविश्वास बढ़ता है, उनकी क्षमताएं बढ़ती हैं। इस तरह आज के पिता बेटी के करियर निर्माण का आधार स्तंभ बन रहे हैं। बेटियां भी कामयाबी की नई उड़ानें भर रही हैं।

## वे हैं बेटियों के स्वप्न-द्रष्टा

हर पिता का सपना होता है कि उनकी बेटी समाज-देश में अपना नाम रोशन करे। यह तभी संभव है, जब बेटी बड़ा सपना देखे और उसे पूरा करने का प्रयास करे। इस नए दौर में पिताओं ने यह गुर जान लिया है कि उनकी बेटी कैसे बड़े सपने देखे और उसे पूरा करने की राह पर आए। वे बेटियों की राह में बाधक नहीं बनते हैं बल्कि सही मायने में उनके स्वप्न-द्रष्टा हैं, जो अपनी बेटी को बचपन से ही बड़े सपने देखने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। इन सपनों को पूरा करने में हर मदद को तैयार रहते हैं। इससे बेटियों का मनोबल बढ़ता है। उन्हें अपनी योग्यता का अहसास होता है और वो खुद को किसी से कम नहीं आंकती हैं। इससे उनमें प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ती है, वे मुकाबला करते हुए ऊंचे मुकाम पर पहुंचने के लिए अपने आपको सक्षम पाती हैं।

## बनते हैं मार्गदर्शक

आज के पिता बेटियों के अच्छे मार्गदर्शक भी हैं। पिता वह पहला शख्स होता है, जो अपनी बेटी के साथ संवाद स्थापित कर उसके भविष्य निर्माण में मार्गदर्शक बनता है। आज पिता के उस रूप के दर्शन होने लगे हैं, जो अपनी बेटियों पर अपनी इच्छाएं नहीं थोपता बल्कि उन्हें उनकी इच्छा और रुचि के अनुसार आगे बढ़ने के निर्णय लेने के लिए जरूरी कौशल भी सिखाता है। आज का पिता जानता है कि बेटी को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उनमें निर्णय लेने की क्षमता को विकसित करना जरूरी है। वह परिवार का मुखिया होने के बावजूद निर्णयकर्ता की भूमिका नहीं निभाता, वह बेटियों के निर्णयों को नजरअंदाज करने की गलती न करते हुए उसके छोटे-छोटे फैसलों को सराहते हुए एक अच्छे, सच्चे मार्गदर्शक की भूमिका निभाता है।

नया दौर / रेखा शाह आरबी

# अमूल्य है पिता का प्यार



जमाना बदला तो नए दौर के पिताओं ने भी अपनी कठोर छवि तोड़ी। कभी परिवार में छुप-छुप करके अपने बच्चों से प्यार करने वाले पिता अब बच्चों के प्रति अपने प्रेम को छुपाते नहीं हैं, खुलकर प्रकट करते हैं। आज के पिता अपने बच्चे के फ्रेंड हैं। उनके साथ अब खुशी-खुशी पार्टी करते हैं, वीकेंड मनाते हैं। वे अपने बच्चों से सभी प्रॉब्लम्स पर बात करते हैं, उनको सॉल्यूशन सुझाते हैं।

**पालन-पोषण में निभाते हैं अपनी भागीदारी:** आज के पिता बच्चों के पालन-पोषण में बराबर की भागीदारी निभाते हैं। बच्चे के जन्म से पहले और जन्म के बाद भी उतना ही स्ट्रेस उठाते हैं, जितना मां उठाती है। वे बच्चों की नैपी बदलने से लेकर उसकी दूध की बॉटल तक तैयार करते हैं। जरूरत पड़ने पर रात-रात भर जगते हैं। इस तरह नए जमाने के पिताओं ने बच्चों के पालन-पोषण में अपनी जिम्मेदारियों को विस्तार दिया है। वे इसे खुशी-खुशी निभा रहे हैं।

**पिता का महत्व:** हम दुनिया में चाहे जितना भी नाम कमा लें, लेकिन हमारी पहली पहचान हमारे पिता के नाम से ही होती है। बच्चों के लिए पिता ईश्वर की एक बेशकीमती सौगात हैं। जब कोई किसी से प्रेम करता है तो उसमें उसका कुछ ना कुछ स्वार्थ छिपा होता है, लेकिन पिता अपने बच्चों से निःस्वार्थ प्रेम करते हैं। वे अपने बच्चों के लिए एक वटवृक्ष की तरह होते हैं। पिता दुनिया जहान की सारी धूप, बारिश, आंधी, तूफान अपने ऊपर झेल जाते हैं, अपने बच्चों तक कभी कोई भी मुसीबत नहीं आने देते। एक पिता का होना, बच्चों को बहुत सारी मुश्किलों से बचा लेना है।

**त्याग की मूर्ति:** मां के लिए यह खूब कहा जाता है कि वे त्याग की प्रतिमूर्ति होती हैं। वह अपने बच्चे के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर देती है। पिता भी अपने बच्चे के लिए कम त्याग नहीं करते हैं। वे खुद जीवन भर तकलीफ उठाते हुए अपने बच्चों की हर ख्वाहिश पूरी करते हैं। एकमात्र पिता ही इस दुनिया का वह इंसान है, जो अपने बच्चों के सपनों के लिए अपने सपनों को मार देता है। अपनी संतान के लिए वह अपनी हार भी खुशी-खुशी स्वीकार कर लेता है। वह सदा अपनी संतान का भला करता रहता है।

**पिता में भी होती है ममता:** अपनी संतान के प्रति ममता सिर्फ मां में ही नहीं होती, पिता में भी होती है। मां के अंदर यदि अपने बच्चों के लिए प्रेम का सागर बहता है तो पिता के अंदर भी अपने बच्चों के लिए एक मीठा सोता होता है। बच्चों के लिए पिता का प्यार अथाह होता है। वे अपना खून-पसीना बहाकर अपने बच्चे के चेहरे की मुस्कान देखकर खिल उठते हैं। उन्हें लगता है कि दुनिया की सबसे बड़ी नियामत मिल गई है। निश्चित ही पिता का प्यार अमूल्य होता है।

हेल्थ केयर

डॉ. रवींद्र गुप्ता
एचओडी-इंटरनल मेडिसिन
सी. के. बिड़ला हॉस्पिटल, गुरुग्राम

बढ़ती उम्र में भी आपके पापा हेल्दी रहें, उन्हें कोई हेल्थ प्रॉब्लम ना हो, इसके लिए आपको ही ध्यान रखना होगा। इसके लिए आप उनके यहां बताए जा रहे टेस्ट जरूर करवाएं।

# पापा की सेहत का ऐसे रखें खयाल



बढ़ती उम्र के साथ हर किसी को सेहत संबंधी कई समस्याएं परेशान करने लगती हैं। मां की तरह ही परिवार का ध्यान रखने वाले पिता भी आमतौर पर अपनी सेहत को लेकर लापरवाह हो जाते हैं। ऐसे में आपका यह फर्ज बनता है कि आप बढ़ती उम्र में पापा की सेहत संबंधी जरूरतों का पूरा ध्यान रखें। इसके लिए जो जरूरी टेस्ट हैं, कराएं।

**ब्लड शुगर टेस्ट:** आजकल डायबिटीज की समस्या तेजी से बढ़ रही है। इसलिए अगर आपके पापा में कोई लक्षण नजर न आएं तो भी उनके ब्लड शुगर लेबल की जांच फास्टिंग पीपी और HbA1c की जांच जरूर करवानी चाहिए। अगर खाली पेट ग्लूकोज का लेवल 125 से अधिक आता है तो यह डायबिटीज का संकेत है। ऐसा होने पर पापा के खान-पान में परहेज के साथ डॉक्टर के दिए सभी निर्देशों का पालन करें।

**ब्लड काउंट:** बढ़ती उम्र में पापाजी के ब्लड काउंट टेस्ट को करवाना भी जरूरी है। इस जांच में रेड और व्हाइट ब्लड सेल्स के साथ प्लेटलेट्स की संख्या का भी पता लगाया जाता है। इससे यह भी मालूम चलता है कि ब्लड में कोई इंफेक्शन तो नहीं है।

**ब्लड प्रेशर:** 50-55 की उम्र के बाद ब्लड प्रेशर बढ़ने की आशंका भी रहती है, इसलिए नियमित रूप से पापा का बीपी टेस्ट कराना भी जरूरी है। आमतौर पर 80/120 को सामान्य ब्लडप्रेशर माना जाता है। जांच में ब्लड प्रेशर इससे अधिक हो तो पापा की डाइट में नमक का सेवन सीमित मात्रा में करवाएं।

**कोलेस्ट्रॉल स्क्रीनिंग टेस्ट:** खान-पान संबंधी अनियमितता और लापरवाही के कारण ब्लड में कोलेस्ट्रॉल का लेवल बढ़ जाता है, इसलिए अपने पापा का यह चेकअप भी जरूर करवाएं क्योंकि इसकी वजह से ही हृदय रोग का खतरा बढ़ सकता है। अगर कोलेस्ट्रॉल का लेवल अधिक हो तो डॉक्टर की सलाह पर पापा को दवाओं का सेवन शुरू करवा दें। साथ ही उनकी डाइट में घी, तेल, मक्खन, मैदा कम से कम दें।

**डेंटल चेकअप:** जो लोग सिगरेट पीते हैं या पान, मसाले का सेवन करते हैं, उनमें माउथ अल्सर या ओरल कैंसर होने का रिस्क अधिक रहता है। इसके अलावा ओल्ड एज में दांत कमजोर भी होने लगते हैं। इसलिए दांतों का रेग्युलर चेकअप भी करवाती रहें।

**आई चेकअप:** उम्र बढ़ने के साथ नजर कमजोर होने लगती है। इसलिए पापा के आंखों की जांच भी बहुत जरूरी है। आंखों की जांच से कैटरेक्ट और ग्लूकोमा जैसी बीमारियों का भी समय रहते पता लग जाएगा। कई बार डायबिटीज की वजह से भी आंखों की दृष्टि प्रभावित होती है, आई चेकअप से इसे भी नियंत्रित किया जा सकता है।

**पीएसए टेस्ट:** इसे प्रोस्टेट स्पेसिफिक एंटीजन टेस्ट कहा जाता है। उम्र बढ़ने के साथ पुरुषों के प्रोस्टेट ग्लैंड का आकार बढ़ने की वजह से शरीर के इस हिस्से में कैंसर होने की आशंका बढ़ जाती है। इसका पता लगाने के लिए साल में एक बार पापा का पीएसए टेस्ट जरूर करवाना चाहिए।

अगर आप रेग्युलरली अपने पापा के यहां बताए गए टेस्ट करवाती हैं तो वे कई गंभीर बीमारियों से बचे रहेंगे।

प्रस्तुति:विनीता

सलाह / सरस्वती रमेश

वृद्धावस्था में शारीरिक-मानसिक कमजोरी आने ही लगती है। ऐसे में जीवनसाथी भी बिछड़ जाए तो सफर और कठिन हो जाता है। अगर आपके पिता को भी ऐसी स्थिति का सामना करना पड़ रहा है तो आपको उन्हें भावनात्मक संबल देना चाहिए।

# जब अकेले रह जाएं पिता उन्हें दें भावनात्मक संबल



जब तक बच्चे अपने पैरों पर खड़े नहीं हो जाते, स्वावलंबी नहीं बन जाते, पिता उनको अपनी छत्रछाया में रखते हैं। वे अपने जीवन का सबसे कीमती समय, बच्चों की बेहतर परवरिश और उनकी जिम्मेदारियों का बोझ अपने कंधों पर उठाने में बिता देते हैं। अपने बच्चों को किसी मुसीबत के समय अकेले नहीं छोड़ते, हर स्थिति में उनका साथ निभाते हैं, उनका संबल बनते हैं। लेकिन कई बार दुर्भाग्यवश ऐसी स्थितियां सामने आती हैं, जब जीवन की सांध्य बेला में पिता को एकाकी जीने के लिए विवश होना पड़ता है। ऐसा अकसर तब होता है, जब उनके जीवन यात्रा में साथ चलने वाली उनकी हमसफर उनका साथ छोड़ जाती हैं। बच्चे अपनी-अपनी जिंदगी में व्यस्त हो जाते हैं। बेटियां ब्याह कर अपने जीवनसाथी के घर चली जाती हैं। तब एक खालीपन पिता को चारों ओर से घेर लेता है। आजीविका कमाने के लिए जीवन भर व्यस्त रहने वाले पिता अचानक से इतने खाली हो जाते हैं कि एकाकीपन और अवसाद की भावना से भर उठते हैं। तब जीवन जीने के लिए उन्हें कोई सहारा नहीं दिखता। खालीपन के अंधेरे में कोई रोशनी उन्हें नजर नहीं आती। वे अलग-थलग अकेले रह जाते हैं। खुद को लाचार ही नहीं निरर्थक समझने लगते हैं।

## निभाएं संतान का दायित्व

अगर आपके पिता भी अकेलेपन की कुछ इसी तरह की स्थितियों का सामना कर रहे हैं, आप उनकी अकेली संतान हैं या आपके भाई-भाभी अपनी नौकरी की वजह से पिता के साथ नहीं रह पा रहे हैं तो आपको उनकी देख-भाल के लिए आगे कदम बढ़ाना होगा। ऐसे में ना केवल पिता के स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखें, उनको भावनात्मक सहारा भी दें। जिस तरह बचपन में आपके निराश होने पर पिता आपको हौसला देते थे, कभी उदास या मायूस नहीं होने देते थे, अब उनको ऐसा अहसास दिलाने की बारी आपकी है। यकीन मानिए, अकेलेपन का सामना कर रहे पापा जब अपनी परी का स्नेह भरा संबल पाएंगे तो उनमें एक नई ऊर्जा का संचार होगा। उनके भीतर से एकाकीपन के बादल छंट जाएंगे। नई उमंग के साथ वे जीना सीख जाएंगे।

## समझें उनकी भावनाएं

यह सच है कि बुढ़ापे में कुछ ना कमाने या कर पाने का बोध, पिता को अपनी नजरों में खुद की कीमत कम कर देता है। ऐसे में अगर आप उनकी भावनाओं को नहीं समझेंगी तो उनकी मदद पूरी तरह नहीं कर पाएंगी। यह मान लेना कि अब पापा घूमना-फिरना नहीं चाहते होंगे, बस आस-पास के पार्क तक टहलना ही उनके लिए काफी है, दो वक्त के खाने और दवा के अलावा उनकी कोई जरूरत नहीं, ऐसी सोच गलत है। सिर्फ टाइम से खाना और दवा देना ही उनकी केयर में शामिल नहीं होता, जब संभव हो उनके साथ कुछ वक्त बिताकर, उनसे बातें कर, उनकी भावनाओं को समझकर, उनकी इच्छाओं को पूरा कर आप उन्हें भरपूर खुशी दे सकती हैं।

## पापा को दें हर संभव खुशी

जीवन के सफर में अकेले पड़ गए पिता खुशी-खुशी अपने जीवन की सांझ गुजारें, इसके लिए उनमें जीने का उल्लास आपको ही भरना चाहिए। इसके लिए आप अपनी खुशियों में उन्हें शामिल करना कभी ना भूलें। घर-बाहर से जुड़े हर छोटे-बड़े मामलों में उनसे उनकी राय जरूर जानें। खाने-पीने में उनकी पसंद पूछें। उनके जन्मदिन पर याद से उनकी पसंद का कोई तोहफा जरूर भेंट करें। बाहर घूमने जाएं तो पिता की सुविधा के स्थान का चुनाव करें। उनकी रोजमर्रा की छोटी-मोटी जरूरतों का ख्याल रखें। उनके अनुभवों का लाभ उठाएं। उनकी उपेक्षा न करें। घर के हल्के-फुल्के काम सुविधानुसार पापा से करवा सकती हैं, जिससे वे खुद को उपेक्षित न महसूस करें। इससे उनका समय भी अच्छा बीतेगा और घर चलाने में सहयोग करने की भावना भी उनमें आएगी। उनको अहसास दिलाएं कि वे परिवार का सबसे अहम हिस्सा हैं। इससे उन्हें बहुत खुशी मिलेगी।

अभिव्यक्ति

# मेरा हौसला मेरे पापा

विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी कुछ जानी-मानी हस्तियां सहेली को बता रही हैं, पिता उनके लिए कितना मायने रखते हैं, वे जीवन की डगर में कैसे संबल बने, पथ-प्रदर्शक बने?

## कभी हमें बेटों से कम नहीं समझा

शुभांगी अत्रे, टीवी कलाकार



**मेरे जीवन** को संवारने में मेरे पापा की सबसे बड़ी भूमिका रही है। बहुत से भारतीय परिवारों में बेटों की चाहत और उन्हें महत्व देने की सोच देखी जाती है। पढ़ाई से लेकर उनके शौक पूरा करने और तमाम अन्य मामलों में लड़कों को प्राथमिकता दी जाती है। लेकिन हम तीन बहनें हैं, पापा ने कभी हमें बेटों से कम नहीं समझा, हमें मजबूत बनाया। आज भी जब मैं किसी मुश्किल में फंसती हूं, लगता है कि क्या करूं, तो पापा यही कहते हैं कि तुम सब कुछ कर सकती हो। मेरा हौसला बढ़ाते हैं। लेकिन जब जरूरत होती है, वह मेरी मुश्किलों के सामने मजबूत ढाल की तरह खड़े भी रहते हैं। वे समय-समय पर हमारे मार्गदर्शक बनकर दिशा-निर्देश देते रहते हैं। पापा मेरी सबसे बड़ी ताकत हैं। मेरे पापा मेरे सुपर हीरो हैं। स्कूल, कॉलेज से लेकर करियर बनाने तक उन्होंने सब कुछ प्यार से संभाला है। मेरी हर छोटी-बड़ी सफलता का श्रेय पापा को जाता है।

## मेरी हर सफलता में उनका योगदान है

हिमा दास, एथलीट



**पापा मेरे** मेरे मार्गदर्शक हैं। उन्होंने मुझे हमेशा सिखाया कि कड़ी मेहनत और ईमानदारी से सब कुछ हासिल किया जा सकता है। हर सपना पूरा किया जा सकता है। वे मेरे पहले हीरो भी हैं और हमेशा रहेंगे। उनके बिना करियर के इस मुकाम पर पहुंचना मुमकिन नहीं था। पापा ने हर कदम पर मेरा साथ दिया, प्रोत्साहित किया। मेरे जीवन की हर सफलता में उनका योगदान है। फादर्स-डे के इस अवसर पर मैं उन्हें धन्यवाद देना चाहूंगी। उन्होंने मेरे लिए जो कुछ भी किया है, वह बहुमूल्य है। इस कर्ज को उतारा नहीं जा सकता। मैं उनके प्रति जीवन भर ऋणी रहूंगी।

## हर परिस्थिति, हर मुश्किल में वह मेरे साथ होते हैं

मैथिली ठाकुर, शास्त्रीय गायिका



**मैं आज** तक जो कर पाई हूं, वह अपने पिताजी की वजह से कर पाई हूं। लोग मेरे गाने की प्रशंसा करते हैं, लेकिन असल में यह सब कुछ पापा की वजह से है, यह सब उनका है। मैं सिर्फ एक जरिया भर हूं, जो लोगों के सामने गाती हूं, लोग मुझे सुनते हैं। अपने जीवन में मैं कई बार लड़खड़ाई हूं। कई ऐसे मौके आए हैं, जब मेरे पिता ने मुझे संभाला है। याद आते हैं वे दिन, जब मैं रियलिटी शोज से बाहर हो जाती थी, तो बहुत निराशा होती। लेकिन हताशा के समय पापा ने मुझे संभाला, मेरा हौसला बनाए रखा। मुझे शास्त्रीय संगीत के और ज्यादा अभ्यास के लिए प्रेरित किया। जीवन में कोई भी परिस्थिति हो, कोई समस्या हो, वे मेरे साथ खड़े होते हैं। पापा के लिए थैंक्यू शब्द बहुत छोटा है। फादर्स-डे पर उनसे यही कहना चाहूंगी कि मेरी पूरा कोशिश रहेगी कि आपने मेरे लिए जो सपने देखे हैं, वो पूरे हों।

प्रस्तुति: अंशु सिंह

## खबर संक्षेप

### फतेहाबाद शहर से मोटरसाइकिल चोरी

**फतेहाबाद।** वाहन चोरों ने फतेहाबाद शहर से एक मोटरसाइकिल चोरी कर लिया। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में सूर्या इन्कलेव, बीघड़ रोड फतेहाबाद निवासी आत्माराम ने कहा है कि गत दिवस उसने अपने मोटरसाइकिल को घर के बाहर खड़ा किया था और मकान में चला गया। कुछ देर बाद जब वह वापस बाहर आया तो उसने देखा कि वहां से उसका मोटरसाइकिल गायब था।

### ट्रक ने कार में मारी टक्कर, चालक घायल

**फतेहाबाद।** जीटी रोड पर रतिया मोड पर एक ट्रक ने कार में टक्कर दे मारी। हादसे में कार चालक घायल हो गया। इस बारे शहर फतेहाबाद पुलिस को दी शिकायत में ढाणी बिन्जा लाम्बा निवासी जसवीर सिंह ने कहा है गत दिवस वह अपनी आल्टो कार में सवार होकर सिरसा से फतेहाबाद की तरफ आ रहा था। जैसे ही वह एमएम कॉलेज के पास जीटी रोड पर बने चौराहे को क्रॉस कर रहा था तो उसी समय रतिया की तरफ से आ रहे एक ट्रक चालक ने तेजगति से चलाते हुए कार में टक्कर मार दी।

### योग से बिना दवाई स्वस्थ जीवन जी सकते हैं : गोपाल

**रतिया।** आज के तनाव भरे माहौल में योग जरुरी है। योग के द्वारा हम बिना किसी दवाई के बीमारियों को ठीक कर स्वस्थ जीवन जी सकते है। यह बात पतंजलि योग समिति एवं भारत स्वाभिमान ट्रस्ट,रतिया द्वारा पतंजलि योग पीठ हरिद्वार के तत्वाधान में टिब्बा कालोनी स्थित श्री राम आश्रम शिव मंदिर प्रांगण में चल रहे 30 दिवसीय सहयोग शिक्षक-प्रशिक्षण शिविर के 11वें दिवस पर वरिष्ठ योग शिक्षक मा. गोपाल चंद ने उपस्थित साधकों को योग क्रियाओं का अभ्यास करवाते हुए कही।

### गांव मढ़ में पीर बाबा का वार्षिक मेला 15 व 16 जून को

**फतेहाबाद।** रतिया के नजदीकी गांव मढ़ में हर वर्ष की भांति इस बार भी पीर बाबा अकबर शाह की दरगाह पर वार्षिक मेला आगामी 15 व 16 जून को धूमधाम से मनाया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए सेवादारों ने बताया कि यह मेला दो दिन चलेगा। जिसमें 15 जून शनिवार को प्रसिद्ध कलाकार रात्रि 9 बजे कव्वालियों का कार्यक्रम आयोजित करेंगे। दो दिवसीय मेले के दौरान अटूट लंगर व मीठे पानी की छबील भी आयोजित होगी।



### धूमधाम से मनाया मूर्ति स्थापना दिवस

**ओढां।** पुरानी अनाज मंडी में स्थित श्री दुर्गा मंदिर में मंगलवार को 27वां मूर्ति स्थापना दिवस श्रद्धा व धूमधाम से मनाया गया। दुर्गा मंदिर के प्रधान रामपाल सिंगला ने बताया कि 11 जून को सुबह 5 बजे माता रानी के स्वरूप को विधि पूर्वक मंत्रोच्चारण के साथ स्नान करवाकर नए वस्त्र धारण करवाकर श्रंगार किया गया। इसके बाद 8 बजे मंदिर परिसर में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। मंदिर के पुजारी अशोक शर्मा ने मंत्रोच्चारण के साथ पूजन करवाया और उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने आहुतियां डाली।

### उपायुक्त से मिला नागरिक अधिकार मंच का प्रतिनिधिमंडल

# शहर में हो रहे अपराधों को लेकर डीसी को सौंपा ज्ञापन

#### वाकिंग ट्रैक व जिला पुस्तकालय का कार्य शुरू करवाने के लिए हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

शहर में बढ़ रहे अपराधों को लेकर नागरिक अधिकार मंच का प्रतिनिधिमंडल आज उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक से मिला। मंच ने उपायुक्त एवं एसपी से मिलकर शहर में बढ़ रही चोरी, लूटपाट, ठगी, अवैध नशे, ड्रग्स व बढ़ते हुए अन्य अपराधों पर अंकुश लगाने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। उपायुक्त को शिष्टमंडल ने बताया कि पिछले वर्ष मार्च माह में फतेहाबाद के नागरिकों ने उपरोक्त घटनाओं से त्रस्त होकर शहर को आधे दिन के लिए बंद किया था। जनता के भारी रोष को देखते हुए प्रशासन और शहर के विभिन्न संगठनों के बीच मीटिंग हुई थी जिसमें इन घटनाओ पर अंकुश लगाने के निर्णय लिए गए थे जिसके कारण अपराध में कमी देखी गयी थी, उन्ही निर्णयों पर फिर से अमली जामा पहनाया जाये।



**फतेहाबाद।** डीसी से मिलने जाता नागरिक अधिकार मंच का प्रतिनिधिमंडल। *फोटो : हरिभूमि*

#### पुलिस अधीक्षक के ऑफिस में हुई चर्चा

इसके बाद शिष्टमंडल की पुलिस अधीक्षक के ऑफिस में इन घटनाओ बारे विस्तृत चर्चा हुई जिसमें पुलिस प्रशासन ने महत्वपूर्ण बिन्दुओं को नोट करते हुए भरोसा दिलाया कि शहर के विभिन्न स्थानों पर पुलिस की गश्त को बढ़ाया जाएगा। अवैध नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान छेड़ा जाएगा। गुंडागर्दी फैलाने वाले तत्वों पर पुलिस स्व विवेक का इस्तेमाल करते हुए सख्त कार्यवाही करेगी और शहर के विभिन्न चौराहो और बाजारो में कैमरे लगाने हेतू नगरपरिषद को लिखेगी। शहर के डीएसपी, थाना अध्यक्षों के साथ नागरिक अधिकार मंच एवं अन्य सगठनों की सयुंक्त मीटिंग भी रखी जाएगी जिसमें नागरिकों को आ रही समस्याओ और इनके निदान बारे चर्चा होगी। इस बीच जिला उपायुक्त से प्रस्तावित वाकिंग एवं साईकिल ट्रैक बारे व जिला लाइब्रेरी के कार्य को जल्द शुरू करवाने बारे भी बात हुई जिसके बारे उपायुक्त ने जल्द ही इस बारे मंच के साथ मीटिंग रखने की बात कही। शिष्टमंडल में पार्षद मोहनलाल नारंग, बनारसी दास मोंगा, हरदीप सिंह, सुशील बिश्नोई एडवोकेट, शहनवाज, राजीव सेतिया, संदीप महिया, दुष्यन्त शर्मा एडवोकेट, हरप्रीत सिंह शामिल थे।

## योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर आयोजित प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर में भाग लेते लोग। *फोटो : हरिभूमि*

आयुष विभाग फतेहाबाद के आयुर्वेदिक जिला अधिकारी डॉप्त रितु भाटिया के मार्गदर्शन में कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. अजीत व डॉ. राजेश सरदाना व प्रोटोकॉल प्रशिक्षण नोडल अधिकारी अंबिका पांटा के दिशा निर्देश में जिला फतेहाबाद में 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही है। योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ हो चुके है। प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन मंगलवार को पीएम श्री राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल फतेहाबाद में योग विशेषज्ञ अंबिका पांटा व जिले में कार्यरत आयुष योग सहायकों द्वारा जिला व ब्लॉक स्तर के प्रशासनिक अधिकारी, अन्य सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी, पंच व सरपंच, अन्य निर्वाचित सदस्य, पुलिस विभाग के अधिकारी व कर्मचारी, एनसीसी कैडेट, स्काउट कैडेट व आम जनसाधारण को योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण का अभ्यास करवाया गया। योग साधकों को संबोधित करते हुए योग विशेषज्ञ ने बताया कि योग ही मात्र एक ऐसा साधन है जिससे व्यक्ति अपने धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष को पूरा कर सकता है और व्यक्ति खुद का आत्म साक्षात्कार कर सकता है जो कि जीवन का परम उद्देश्य होता उन्होंने बताया कि हमारे ऋषि मुनियों ने बताया था कि यदि आपका शरीर स्वस्थ है तो धर्म के सभी साधन स्वयं क्रमवार सफल होते जाएंगे।




**रतिया।** काम की वेरिफिकेशन न होने से खफा निर्माण मजदूर धरना देते हुए।

### काम की वेरिफिकेशन न होने से खफा निर्माण मजदूरों ने दिया धरना

**रतिया।** जेई द्वारा काम वेरिफाई न करने से खफा निर्माण मजदूरों द्वारा मंगलवार को भवन निर्माण कामगार यूनियन के बैनर तले रतिया नगरपालिका कार्यालय में धरना दिया गया। धरने को संबोधित करते हुए सीटू के जिला सचिव ओमप्रकाश अनेजरा व जिला प्रधान जागीर सिंह ने कहा कि 90 दिन की वर्कशीट की वेरिफिकेशन के लिए जेई वेरीफाई नहीं कर रहा, जिससे मजदूरों में काफी रोष है। उन्होंने कहा कि सरकार निर्माण मजदूरों को दर दर की ठोकरे खाने के लिए मजबूर कर रही है। पिछले 3-4 सालों से निर्माण मजदूर की वर्कस्लिप अधिकारी स्वीकार नहीं कर रहे हैं जिसके कारण मजदूरों को कन्यादान, डेथ, साइकिल, औजारों, छात्रवृत्ति के बेनिफिट नहीं मिल रहे हैं।

### समर्थ वृद्ध आश्रम योजना के लिए आवेदन 30 तक

**सिरसा।** सामाजिक न्याय, अधिकारिता अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग कल्याण और अंत्योदय (सेवा) विभाग द्वारा कापार्रेट, सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत इच्छुक गैर सरकारी संगठन/ स्वैच्छिक संगठन/ ट्रस्ट/ सोसाइटियां/ कॉपार्रेट से समर्थ वृद्ध सेवा आश्रम योजना के अंतर्गत वृद्ध सेवा आश्रम संचालन करने के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं। समर्थ वृद्ध सेवा आश्रम योजना के लिए मापदंड निर्धारित किए गए हैं। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि योजना के तहत हरियाणा सरकार के स्वामित्व वाली इमारतें में वृद्धाश्रमों का संचालन होना है। जिला में वरिष्ठ नागरिक क्लब सेक्टर 20 एचएसवीपी पुलिस स्टेशन के पास सिरसा के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं।

## सीडीएलयू को मिला 11 लाख का शोध प्रोजेक्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा को हरियाणा इलेक्ट्रीसिटी रेगुलेटरी कमीशन की तरफ से कनसेलटन्सी के लिए 11लाख रुपये का एक शोध प्रोजेक्ट प्रदान किया गया। इस प्रोजेक्ट के बारे मे बताते हुए अर्थशास्त्र विभाग के एसोसिएट प्रो. तथा यूनिवर्सिटी सेन्टर फॉर रूरल स्टडीज के निदेशक डॉ. रोहताश ने बताया कि हरियाणा मे बिजली जनरेटर साइटस पर धान की पराली की मात्रा और वितरण लागत का अध्ययन इस प्रोजेक्ट के तहत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी सेन्टर फॉर रूरल स्टडीज ने इस प्रोजेक्ट का प्रोपजल हरियाणा इलेक्ट्रीसिटी रेगुलेटरी कमीशन को फरवरी 2024 माह मे भेजा गया था। इस प्रोजेक्ट के लिए डॉ. रोहताश प्रोजेक्ट डायरेक्टर तथा अर्थशास्त्र विभाग के सहायक प्रो. सुरेन्द्र अहलावत को-प्रोजेक्ट डायरेक्टर होंगे। डॉ. रोहताश ने बताया कि इस प्रोजेक्ट के तहत 10 जून को विश्वविद्यालय को ईमेल के माध्यम से हरियाणा इलेक्ट्रीसिटी रेगुलेटरी कमीशन का वर्कऑडर प्राप्त हुआ और इस वर्कऑडर के तहत विश्वविद्यालय शोध प्रोजेक्ट के माध्यम से हरियाणा इलेक्ट्रीसिटी रेगुलेटरी कमीशन को पावर जनरेशन के विभिन्न क्षेत्रो मे पराली के महत्व, मांग तथा लागत आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया जाएगा।

## एसपी ने थाना प्रभारियों को सिखाए नए कानून

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

तीन नए कानूनो को लेकर पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने मंगलवार को सीडीएलयू के ऑडोटोरियम हाल में जिला पुलिस के सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों, थाना प्रभारियों तथा अन्य जांच अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें विस्तार से जानकारी देकर नए कानूनों का विस्तार से पाठ पढ़ाया। उन्होंने बताया कि आगामी एक जुलाई 2024 से देश भर में तीन नए कानून लागू हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस बारे में पुलिस के अधिकारियों और कर्मचारियों को लगातार सेमिनार व गोष्ठियों का आयोजन कर लगातार प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय दंड संहिता, भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता और साक्ष्य अधिनियम के स्थान पर तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू किया जा रहे है। उन्होंने बताया कि नए कानून किस प्रकार पुराने कानूनों से भिन्न है, इसको लेकर सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नए कानूनों के तहत कौन से कृत्य को अपराध की परिधि में शामिल किया है और पुलिस के अपराध अनुसंधान के दायरे को किस प्रकार वर्णित किया गया है, इस संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि किस प्रकार नए कानूनों में आईटी व डिजिटल संसाधनों का प्रयोग कानून के रूप में मान्य बनाया गया है, इस संबंध में भी पुलिस कर्मियों को जागरुक किया जा रहा है।



**सिरसा।** एसपी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशिक्षित करते हुए।

## एमपीएचडब्लयू के प्रथम वर्ष में नवदीप ने हरियाणा में किया टॉप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ साइंसेज के अध्यक्ष एनके गुप्ता ने कहा कि यदि विद्यार्थी अपने लक्ष्य की ओर एकाग्रचित होकर गमन करे तो निश्चित ही सफलताएं सुनिश्चित होती हैं। ऐसा ही कुछ उनके संस्थान के एमपीएचडब्लयू के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने कर दिखाया है। पंडित भगवत दयाल शर्मा यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज रोहतक की ओर से एमपीएचडब्लयू के प्रथम वर्ष के परीक्षा परिणाम में उनके संस्थान के विद्यार्थी नवदीप ने 600 अंकों में से 496 अंक हासिल कर हरियाणा भर में टॉप किया है। इतना ही नहीं छात्र जशनदीप और विक्त्रम कंबोज ने संयुक्त रूप से 600 में से 476 अंक हासिल कर जिलेभर में दूसरा व छात्र हरप्रीत ने 600 अंकों में से 465 अंक हासिल कर जिले में तीसरा स्थान हासिल किया है। संस्थान संचालक एनके गुप्ता ने उपरोक्त विद्यार्थियों की उपलब्धि को अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायी बताया है। उन्होंने विद्यार्थियों को बेहतर मार्गदर्शन देने के लिए संस्थान के शिक्षकों को भी बधाई दी है। वहीं संस्थान के सचिव पुलकित गुप्ता, सीए राजेंद्र अग्रवाल, प्राचार्या मंजुबाला, नर्सिंग की प्राचार्या कुलविंद्र कौर, संस्थान की काउंसलर एकता कालड़ा व प्रबंधक संजीव कालड़ा ने भी विद्यार्थियों की इस उपलब्धि के लिए उन्हें अपनी ओर से शुभकामनाएं दी हैं।

## एसपी ने किया जाखल थाना का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जाखल

जिला पुलिस कप्तान आस्था मोदी मंगलवार को जाखल पहुंची। इस दौरान उन्होंने जाखल के पुलिस थाने का निरक्षण किया व अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी जारी कर दिए। निरीक्षण के दौरान एसपी द्वारा थाना के रिकॉर्ड की जांच की गई और थाना प्रभारी व अन्य पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा जनमानस की समस्याओं को भी सुना गया। इस दौरान उन्होंने थाना में साफ सफाई का अवलोकन भी किया। इस मौके एसपी ने थाना पुलिस को लंबित केसों की समीक्षा कर संबंधित पुलिस पदाधिकारी को त्वरित कार्यवाही करने के आदेश दिए गए। इसके साथ ही कानूनी केसों में फरार अभियुक्तो की गिरफ्तारी के निर्देश दिए। उन्होंने आम जनता द्वारा प्राप्त शिकायत पत्रों का अभिलंब निष्पादन करने एवं असामाजिक तत्वों पर विशेष निगरानी रखने के आदेश दिए। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी मुताबिक एसपी द्वारा प्रतिवर्ष थाना की जांच व निरीक्षण किया जाता है। इसके चलते ही मंगलवार को वह जाखल थाना में वार्षिक जांच करने के लिए आएं थे। अधिकारियों द्वारा इसे आम निरीक्षण बताया गया है।



**जाखल।** थाने का निरीक्षण करते एसपी आस्था मोदी।

### आमजन से आपसी समन्वय स्थापित करने के आदेश

थाना प्रभारी द्वारा थाना में आने वाले फरियादियों के सामान्य व्यवहार किया जाता हैं। इस दौरान एसपी ने थाना में कार्यरत सभी पदाधिकारियों से भी कहा कि पुलिस थाना में आने वाले हर फरियादी की शिकायत को गंभीरता से सुने तथा उसका समय से निस्तारण करने को प्रयासरत रहें। इसके अलावा पुलिस थाने में आने वाले किसी भी फरियादी को कोई भी परेशानी ना हो, इसका ध्यान रखना लाजमी करें। इसके साथ ही उन्होंने थाना में पुलिस जवानों को आमजन से आपसी समन्वय स्थापित करने सहित आदि को लेकर दिशा निर्देश दिए।

## समाधान शिविर में रखी 38 समस्याएं

- छह सम्सयाओं का मौके पर किया निपटारा
- प्रतिदिन प्रातः 9 से 11 बजे तक समाधान शिविर आरंभ किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

हरियाणा सरकार ने आमजन से जुड़ी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जिला व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर आयोजित करने की अनूठी पहल की है। जिला के लघु सचिवालय भवन के प्रथम तल पर स्थित उपायुक्त कार्यालय मे प्रतिदिन प्रातः 9 से 11 बजे तक समाधान शिविर सोमवार से आरंभ कर दिए गए है। इसी तरह उपमंडल स्तर पर भी प्रतिदिन इसी समय अवधि के दौरान समाधान शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। उपायुक्त आर के सिंह ने बताया कि राज्य सरकार ने जनता की शिकायतों के समाधान के लिए यह पहल की है। जिला व उपमंडल स्तर पर आयोजित होने वाले समाधान शिविरों की प्रतिदिन रिपोर्ट मुख्य सचिव कार्यालय में स्थापित समाधान प्रकोष्ठ द्वारा मॉनिटरिंग भी की जाएगी। समाधान शिविर में पुलिस, नगर निगम, एचएसवीपी, डीटीपी व अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। जिला के नागरिक निर्धारित समय के भीतर समाधान शिविर में अपनी बात रख सकते हैं।



**सिरसा।** उपायुक्त समाधान शिविर में लोगों की शिकायतें सुनते हुए।

## भाजपा नेता का लड़का हुआ ठगी का शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिले में साइबर ठगी के मामले एक बार फिर बढ़ने लगे हैं। रिवार्ड प्वाइंट कैश करवाने के नाम पर साइबर ठगों ने फतेहाबाद के भाजपा नेता के लड़के से हजारों रुपये ठग लिए। इस बारे पीड़ित युवक ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस को दी शिकायत में शम्मी धींगड़ा के पुत्र सागर ने कहा है कि वह पब्लिक हैल्थ डिपार्टमेंट फतेहाबाद में कौशल रोजगार योजना के तहत काम करता है। 10 जून दोपहर को उसके मोबाइल पर एक युवती का फोन आया। उसने कहा कि वह एक्सिस बैंक से बोल रही है और उसको क्रेडिट कार्ड पर 5400 रिवार्ड प्वाइंट मिले हैं। इसको आप कन्वर्ट करके शॉपिंग कर सकते हैं या कैश भी निकाल सकते हैं। सागर ने बताया कि इसके बाद युवती ने उसके मोबाइल पर एक लिंक भेजा। उसने लिंक पर क्लिक किया और उसने उसे एक्सिस बैंक की मोबाइल एप खोलने के लिए कहा कि ओटीपी आने पर इसमें सब्मिट कर देना। इसके बाद दोबारा ओटीपी आया तो उसने दोबारा सब्मिट कर दिया। इसके बाद जब उसने अपने एक्सिस बैंक के अकाऊंट को चैक किया तो पाया कि उसके क्रेडिट कार्ड से दो अलग-अलग ट्रांजेक्स में 14246 व 8547 रुपये कट गए थे। इसके बाद उसने उस नंबर पर फोन किया तो उसने फोन उठाना बंद कर दिया।

### शिविर में 300 से अधिक लोगों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की

# सद्भावना अस्पताल में लगाया निःशुल्क चिकित्सा मेगा कैम्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हुडा सैक्टर स्थित सद्भावना अस्पताल द्वारा आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर का सफलतापूर्वक समापन हो गया है। यह शिविर 9 जून से अस्पताल प्रांगण में आयोजित किया गया था, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। शिविर में 300 से अधिक लोगों की विभिन्न प्रकार की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई और ब्लड प्रेशर, शुगर, ई.सी.जी, फाइब्रोस्कैन, न्यूरोपैथी, पी.एफ.टी, पी.टी.ए आदि भी निःशुल्क किये गए। यथासंभव दवाइयां भी निःशुल्क दी गई। कैंप में आए रोगियों ने कैंप में दी जा रही सुविधाओं की प्रशंसा की तथा अतिथियो के लिए मीठे पानी की छबील लगाई गई। इस शिविर की सफलता में स्पेशलिस्ट डॉक्टरों, मेडिकल ऑफिसरों व स्वास्थ्य कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उनकी मेहनत और समर्पण के बिना यह संभव नहीं हो पाता। इस कैंप में डॉ.अंशुल सहगल, डॉ. अमित कुमार, डॉ. सुमित भारती, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. गीता चौधरी, डॉ. योगेश अग्रवाल, डॉ. किरण माही जिंदल, डॉ. नेहा मेहता, डॉ. भव्या बंसल, डॉ. शीनम ने अपनी सेवाएं दी ।



**फतेहाबाद।** सद्भावना अस्पताल में चिकित्सा कैम्प में अपना रजिस्ट्रेशन करवाते लोग।

### हार्ट के गंभीर मरीजों की बचाई जान

अस्पताल के आरएमओ डॉ. स्नेहा, डॉ. अलीशा, डॉ. आरती, डॉ. बंशी, डॉ. अभिमन्यु, डॉ. साहिल, डॉ. रितू ने भी कैंप में विशेष सहयोग दिया। डॉ. अमित आहूजा ने बताया कि सद्भावना अस्पताल क्षेत्र के लोगों को मल्टी स्पेशलिटी सेवाएं दे रहा है जिसमें 300 से अधिक स्टंट से हार्ट के गंभीर मरीजों की जान बचाई जा चुकी है। पिछले एक वर्ष में 1500 से अधिक ऑपरेशन किए जा चुके हैं व मेडिकल आईसीयू में 3000 से अधिक मरीजों की गंभीर बीमारियों का सफलतापूर्वक ईलाज किया जा चुका है। मेडिकल डायरेक्टर डॉ. अंशुल सहगल ने कहा कि इस सफलतापूर्वक कैंप के बाद हम उत्साहित हैं और कोशिश करेंगे कि भविष्य में भी इसी प्रकार के कैंप का आयोजन करते रहे, जिससे शहर वासियों की सेहत की स्क्रीनिंग, टेस्ट तथा ईलाज किफायती दरों पर मिलता रहे। बता दें कि सद्भावना अस्पताल में ईसीएचएस, हरियाणा सरकार, आयुष्मान भारत तथा अन्य लगभग सभी कैशलेस पेनल उपलब्ध है और शहर वासियों को अब स्पेशलिटी ईलाज हेतु बड़े शहरों मे जाने की जरूरत नहीं पड़ती।

**खबर संक्षेप**

### हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी से क्रेटा गाड़ी चोरी

**सिरसा।** शहर में अलग-अलग स्थानों से चोर एक क्रेटा गाड़ी व एक स्कूटी चुरा कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में निखिल यादव ने बताया कि उसने अपनी क्रेटा गाड़ी रात को घर के बाहर खड़ी की थी। देर रात को चोर गाड़ी चोरी कर ले गए। दूसरे मामले में अग्रसैन कॉलोनी निवासी मनोज गोयल ने बताया कि उसने 10 जून की सुबह अपने घर के बाहर स्कूटी लॉक कर खड़ी की थी। कुछ देर बाद संभाली तो गायब मिली।

### काउंसलिंग व मार्गदर्शन के लिए सेमिनार 16 को

**सिरसा।** कैरियर गाइडेंस एंड काउंसलिंग सर्विसेज सिरसा द्वारा उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थियों की काउंसलिंग व मार्गदर्शन के लिए 16 जून को सुबह 10 बजे से निशुल्क सेमिनार आयोजित किया जाएगा। संस्थान की निर्देशक नरेश गोयल ने बताया कि सिरसा तथा आसपास के क्षेत्रों के विद्यार्थियों के आग्रह पर सेमिनार का आयोजन मुख्य डाकघर के सामने स्थित संस्थान में किया जाएगा।

### खेत में बने कमरे से सामान चोरी

**चोपटा।** कस्बे के गांव ताजियाखेड़ा में एक किसान के खेतों में बने कमरे से चोर हजारों रुपए का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में प्यारेलाल ने बताया कि 9 जून की शाम को वह खेतों में बने कमरे को ताला लगाकर घर आ गया। देर रात को चोरों ने कमरे के ताले तोड़कर सोलर पैनल की तार 350 फुट तार, स्प्रे पंप, एक पंप ईंजन वाला व एक कस्सी और एक लोहे की सब्बल चोरी कर ले गए। सुबह जब वह खेतों में गया तो देखा की कमरे का ताला टूटा पड़ा है। अंदर जाकर देखा तो उपरोक्त सामान गायब था।

### खेत से सोलर पंप का स्टार्टर चोरी

**ओढां।** क्षेत्र के गांव बनवाला में एक किसान के खेत से सोलर पंप का स्टार्टर चोरी हो गया। जांच अधिकारी हैड कांस्टेबल भूप सिंह ने विनोद कुमार की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। विनोद कुमार ने अपनी शिकायत में बताया कि बीती रात 2 बजे के करीब उसके खेत से पानी वाला शक्ति कंपनी का सोलर स्टार्टर चोरी हो गया। जिसकी कीमत लगभग 40 हजार रुपए है।

### 23 जून को पानीपत स्थित आवास पर किया जाएगा जोरदार प्रदर्शन

# पंचायत मंत्री के आवास पर होने वाले प्रदर्शन में सैकड़ों ग्रामीण लेंगे भाग : पवन

**प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर मंगलवार को ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन खंड फतेहाबाद की बैठक हुई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन की बैठक को संबोधित करते कर्मचारी नेता। फोटो : हरिभूमि

ग्रामीण सफाई कर्मचारियों द्वारा अपनी मांगों को लेकर 23 जून को पंचायत मंत्री के पानीपत स्थित आवास पर जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा। इस प्रदर्शन में फतेहाबाद जिले से भी सैंकड़ों की संख्या में ग्रामीण सफाई कर्मचारी भाग लेंगे। प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर मंगलवार को ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन खंड फतेहाबाद की बैठक ब्लाक प्रधान पवन कुमार की अध्यक्षता में हुई।

बैठक का संचालन ब्लाक सचिव दीपक ने किया। बैठक में ब्लाक से काफी संख्या में ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने भाग लिया। बैठक में प्रदर्शन को लेकर सर्कल वाइज व रूट वाइज टीमों का गठन किया गया। प्रदर्शन को लेकर यूनियन द्वारा जिलेभर में ब्लाक स्तर पर सदस्यता अभियान चलाने और कर्मचारियों को प्रदर्शन में बढ़चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए खंड फतेहाबाद प्रधान पवन कुमार ने कहा कि ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को पक्का करने, समय पर मानदेय का भुगतान करने, ऑनलाइन हाजिरी के नाम पर बेगार करवाने एवं बंधवा बनाने पर रोक लगाने, ईपीएफ, ईएसआई कार्ड बनाने सहित अन्य मांगों को लेकर 23 जून को पंचायत मंत्री के आवास पर ग्रामीण सफाई कर्मचारियों द्वारा जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा। जिला कोषाध्यक्ष हरपाल सिंह भूथन ने कहा कि 29 नवंबर 2023 को यूनियन प्रतिनिधि मंडल के साथ अतिरिक्त मुख्य सचिव हरियाणा ?के साथ हुई बैठक में कई मांगों पर सहमति बनी थी।

इसके तहत कर्मचारियों को पक्का करने, समय पर मानदेय का भुगतान करने, 400 की आबादी पर एक कर्मचारी की नियुक्ति, इपीएफ-ईएसआई कार्ड बनाने, साप्ताहिक अवकाश देने जैसे मांगे शामिल थी लेकिन हरियाणा सरकार द्वारा आज तक मानी गई इन मांगों पर कोई कार्यवाही नहीं हुई जिससे प्रदेशभर के ग्रामीण सफाई कर्मचारियों में भारी रोष है। ऐसे में यूनियन ने निर्णय लिया है कि इन मांगों को लागू करवाने के लिए प्रदेशभर के ग्रामीण सफाई कर्मचारी राज्य व्यापी आह्वान के तहत 23 जून को पानीपत में प्रदर्शन करेंगे। अगर हरियाणा सरकार ने प्रदर्शन के बाद भी कर्मचारियों की समस्याओं की तरफ ध्यान नहीं दिया गया तो आंदोलन को तेज किया जाएगा। बैठक में बबलू, पवन, हरपाल सिंह, दीपक, सीटू नेता बेगराज, सर्व कर्मचारी संघ से मास्टर राजपाल मित्ताथल, ओमप्रकाश सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री आवास योजना का नहीं मिला पैसा, किया प्रदर्शन


**भूना।** नगरपालिका कार्यालय के मुख्य गेट के सामने धरना देकर विरोध प्रदर्शन करते लोग। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना

अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों एवं मूलभूत सुविधाएं का लाभ नहीं दिया जा रहा, जिससे आक्रोशित तीसरा मोर्चा टीम ने नगर पालिका कार्यालय के गेट पर एक दिवसीय सांकेतिक धरना दिया। धरने का नेतृत्व तीसरा मोर्चा टीम के डॉ. राजेश मेहंदिया, दिनेश बौद्ध तथा महात्मा ज्योतिबा फुले जागृति मिशन के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट कुलदीप बौद्ध ने संयुक्त रूप से किया। प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम 12 सूत्रीय मांगों को लेकर पालिका अभियंता को ज्ञापन भी सौंपकर अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के वाडारे् में विकास कार्य के प्रति ध्यान आकर्षित करवाया। मेहंदिया ने कहा कि भूना नगर पालिका के सचिव व अन्य कई जूनियर अधिकारी एससी/एसटी व ओबीसी वाडारे् से भेदभाव कर रहें है। यहां की सड़कें टूटी पड़ी हैं और सीवरेज व्यवस्था चालू नहीं है। चंदन नगर के लोग लंबे समय से मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। उन्होंने कहा कि सरकार की बदनामी करने के लिए नगर पालिका के अधिकारी गरीब समाज के लोगों के वाडारे् की अनदेखी कर रहे हैं। भाजपा का लोकसभा चुनाव में हारने का कारण भी यही बना है, क्योंकि अधिकारियों ने लोगों को परेशान कर रखा है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 5 करोड़ रुपये लाभर्थियो को देने के लिए सरकार ने दूसरी एवं तीसरी किश्त तो भेज दी, मगर लोकसभा चुनाव में सरकार के विपरीत माहौल बनाने के लिए जरूरतमंद लोगों को मंजूर राशि की किश्त नहीं डाली।

### गुरू अर्जन देव का शहीदी दिवस मनाया

**ओढां।** राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर नौ पर स्थित ओढ़ा के गुरुद्वारा सिंह सभा में पंचम पातशाह गुरू अर्जन देव के शहीदी दिवस को समर्पित तीन दिन पूर्व रखे गए श्री अखंड पाठ के भोग मंगलवार को संपन्न हुए। भोग के दौरान गुरुद्वारा के मुख्य सेवादार बाबा अमृतपाल सिंह ने गुरूजी का इतिहास सुनाकर पहुंची हुई संगत को निहाल किया। उन्होंने बताया कि गुरू अर्जन देव का जन्म सिखों के चौथे गुरू श्री गुरू रामदास जी के घर 1563 को में तरणतारण जिला के गोइंदवाल साहिब में हुआ था। उनकी माता का नाम बीबी भानी था। गुरुजी अठारह वर्ष की आयु में 1581 को सिखों के पांचवे गुरू हुए। तत्कालीन मुगल बादशाह जहांगीर जो चारों ओर अपना इस्लाम धर्म फैलाना चाहता था लेकिन गुरजी इक ओंकार के रूप में लोगो को धार्मिक संदेश देते। जहांगीर धार्मिक कट्टरता के कारण गुरुजी से शत्रुता रखने लगा। मुगल बादशाह ने इसी धार्मिक कट्टरता मतभेद के चलते गुरुजी को लाहौर ले जाकर अनेकों शरीरिक कष्ट दिए। 1606 को 'येष्ठ की दोपहर में गुरुजी को लोहे के गर्म तवे पर बैठाकर, ऊपर से गर्म राख उनके शरीर पर उड़ेल कर शहीद किया गया। श्री गुरु अर्जन देव ने सिखों के धर्म स्थान श्री हरिमंदर साहब का निर्माण पूर्ण करवाया। गुरुजी ने सिखों का धार्मिक ग्रंथ, श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी स्थापित किया और सुखमणि साहिब की बाणी रचित कर श्री गुरु ग्रंथ साहिब में दर्ज की गई।

- गुरु अर्जन देव का जन्म सिखों के चौथे गुरु श्री गुरु रामदास जी के घर हुआ था

## विद्यार्थी सीख रहे मूर्तिकला का हुनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा


**सिरसा।** टाबर उत्सव में भाग लेती छात्राएं।

- 9वीं से 12वीं के लगभग 40 से 50 विद्यार्थी मूर्तिकला सीखेंगे

कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग व शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में अनूठी पहल शुरू की गई है, जिसके तहत आयोजित 'टाबर उत्सव' मनाया जा रहा है। टाबर उत्सव में विद्यार्थियों को मूर्तिकला का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिला में ऐलनाबाद के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में इस उत्सव के तहत बच्चों को मूर्तिकला का हुनर देना शुरू किया गया है। यह कार्यक्रम 30 जून तक सुबह 8 बजे से 11 बजे तक ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान चलेगा। कला एवं सांस्कृतिक अधिकारी (मूर्तिकला) हृदय कौशल ने बताया कि जिला के विभिन्न सरकारी स्कूलों के कक्षा 9वीं से 12वीं के लगभग 40 से 50 विद्यार्थी मूर्तिकला सीखेंगे। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण आधुनिक मूर्तिशिल्प क्ले मॉडलिंग, रिलीफ एवं 3 डी स्कल्पचर आर्ट में हरियाणवी संस्कृति पर आधारित है। ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान छात्र-छात्राओं का रचनात्मक/ कलात्मक विकास करवाने के लिए यह प्रशिक्षण बच्चों के भविष्य को उ'जवल बनाने में कारगर सिद्ध होगा। इससे विद्यार्थी भविष्य में कला प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने के साथ राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की मूर्ति शिल्प प्रतियोगिताओं के बारे में भी जानेंगे।

## रिजर्व रेट बढ़ाने से नहीं छूटे शराब के ठेके

- अब 14 को होगी ई-ऑक्शन
- एक्साइज विभाग ने बढ़ाया ठेकों का रिजर्व रेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

प्रदेश सरकार द्वारा शराब के ठेकों के बढ़ाए गए रिजर्व प्राइज के चलते शराब की ई-ऑक्शन के लिए प्रदेशभर में ठेकेदारों ने नीलामी में भाग नहीं लिया। जिस कारण पलवल व सोनीपत को छोड़कर प्रदेश में कहीं भी शराब के ठेके नहीं बिक सके। बता दें कि प्रदेश सरकार ने बीते वर्ष से इस वर्ष शराब के ठेकों के जोन में 7 प्रतिशत टेंडर अमाऊंट में वृद्धि कर दी है। प्रदेश सरकार के आबकारी एवं कराधान विभाग ने 10 जून को शराब के ठेकों की ई-ऑक्शन रखी थी। सरकार द्वारा 7 प्रतिशत रिजर्व प्राइज में वृद्धि करने से ठेकेदारों में पहले से ही रोष था। फतेहाबाद में आबकारी विभाग ने 30 मई को ठेकों की ई-ऑक्शन प्रक्रिया शुरू की थी, जिसमें 45 जोन के 90 ठेके थे। उस समय मात्र 10 ठेके की ही नीलामी सिरे चढ़ सकी। हालांकि 30 मई को शराब ठेकों की ई-ऑक्शन हुई थी। उस समय रिजर्व प्राइज का कोई मुद्दा नहीं था। ठेकेदारों का कहना है कि शहरी क्षेत्रों में महंगी शराब बिक सकती है लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में लोग महंगी शराब नहीं खरीद पाते। सरकार ने अनाप-शनाव रिजर्व प्राइज बढ़ा दिए, ऊपर से शराब कम्पनियों ने भी रेट बढ़ा दिए हैं। इसके अलावा दुकान का खर्च निकालकर ठेकेदार को कुछ नहीं बचता।

### शहरी क्षेत्र के ठेके बिके, ग्रामीण ठेकों में नहीं दिखी रूचि

दरअसल यह ठेके शहरी क्षेत्र के थे। जिनमें शराब अच्छे दामों पर बिक जाती है। अन्य ठेके ग्रामीण जोन में पड़ते हैं। जहां शराब की बिक्री कम होती है। आबकारी विभाग के सूत्रों के अनुसार प्रदेश सरकार द्वारा नीलामी की डेट निर्धारित करने पर प्रदेश के सभी जिलों में मात्र पलवल व सोनीपत जिले के एक-एक ठेके ही बिक सके। अब सरकार ने संभावित 14 जून ई-ऑक्शन के लिए तिथि निर्धारित की है।

### ठेकेदार को 5 प्रतिशत मिलेगा डिस्काउंट

नॉर्म्स के अनुसार प्रदेश सरकार को बिड में इस बार 5 प्रतिशत की कमी लानी पड़ेगी। यानि कि ठेकेदार को शराब के ठेकों का रिजर्व 5 प्रतिशत कम देना होगा। सरल भाषा में कहे तो ठेकेदारों को ठेकों में 5 प्रतिशत का डिस्काऊंट मिलेगा। एक्साइज एंड लिकर जोनों की ई-टेंडरिंग प्रक्रिया 4 जुलाई तक चलेगी।

### ये भी रहे बेरूखी के कारण

प्रदेश सरकार ने इस बार शराब के ठेकों की नीलामी में कई शर्तें नई जोड़ दी थी। जिनमें जो ठेकेदार ई-टेंडरिंग प्रोसेस में भाग लेगा, उसके द्वारा पिछले 3 सालों की इंकम टैक्स रिटर्न भरी होनी चाहिए। इसके साथ ही उसके पास 60 लाख रुपये की चल-अचल सम्पति होनी चाहिए। उसका टर्नओवर सर्टिफाइड सीए से प्रमाणित होना चाहिए। यही कारण रहा कि ठेकेदारों ने इस बार शराब के ठेके लेने में इस बार कम रूचि दिखाई।

## टीन्स फॉर टुमारो ने बेजुबानों के लिए शुरू की अनूठी पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

- सिरसा में सबसे अधिक 155 गौशालाएं हैं
- योजनाओं में पानी के बर्तन रख पंक्षियों को पानी प्रदान आदि शामिल

सिरसा में गर्मी का सितम जारी है और पार 46 डिग्री के पार है। इस गर्मी के मौसम में पक्षियों एवं पशुओं के लिए अनेक संस्थाएं काम कर रही हैं। यह सिरसा के लिए गौरवशाली तथ्य है कि सिरसा में सबसे अधिक 155 गौशालाएं हैं। गौसेवा का पाठ सिरसा पढ़ा रहा है तो अब इस मामले में दो बच्चियों ने एक नजीर पेश की है। सिरसा की सोम्या सेतिया और युवना सोनी ने 'टीन्स फॉर टूमॉरो' नामक संगठन की स्थापना की है। यह संस्था पक्षियों एवं जानवारों को गर्मी के प्रभाव से बचाने के लिए काम कर रही है। संस्था की योजनाओं में पानी के बर्तन रखकर पंक्षियों को पानी प्रदान करना, गरीबों को जूते और कुत्तों को विशेष बिस्किट प्रदान करना शामिल है। इसके अलावा उन्होंने शहर के विभिन्न हिस्सों में पौधे लगाने की पहल भी शुरू की है। उनके साथी कार्य हमें समाज सेवा की नई मिसाल स्थापित करते हैं और हमें यह याद दिलाते हैं कि छोटे कद के कार्य भी बड़े परिणाम ला सकते हैं। इन बच्चियों की इस अनूठी पहल से लोग उत्साहित हैं और उनके साथ मिलकर, सिरसा को एक सुरक्षित, समृद्ध और सहयोगी समाज बनाने का संकल्प लिया है।

## रेलवे ट्रैक के पास मिला युवती का शव

- युवती की उम्र लगभग 30 वर्ष बताई जा रही
- पुलिस ने हत्या किए जाने की आशंका जताई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जाखल



**फतेहाबाद।** जमालपुर शेखां रेलवे लाइन के पास पड़ा युवती का शव।

हिसार-जाखल रेलवे लाइन पर स्थित जमालपुर शेखां स्टेशन में रेलवे लाइन के पास मंगलवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवती का शव पड़ा हुआ मिला है। फिलहाल शव की कोई शिनाख्त नहीं हो पाई हैं। युवती की उम्र लगभग 30 वर्ष बताई जा रही है। रेलवे पुलिस ने आसपास के थाना क्षेत्र में सूचना देकर गुमशुदा लोगों के बारे में जानकारी मांगी है। युवती की मृत्यु कैसे हुई, हालांकि इसका राज तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही खुलेगा, जबकि शव को देखकर हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रहीं है। जाखल राजकीय रेलवे पुलिस से इस मामले की जांच कर रहे जांच अधिकारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि घटना मंगलवार सुबह की है। सुबह करीब सवा 6 बजे उन्हें इसकी सूचना मिली हैं। मिली जानकारी मुताबिक मंगलवार तड़के किसी ने डायल 112 पर कॉल कर जमालपुर शेखां रेलवे लाइन के पास कच्चे रास्ते पर एक युवती का शव पड़ा होने की सूचना दी थी। मामला रेलवे लाइन का होने के चलते जाखल से रेलवे पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और जांच तफ्तीश करते हुए पुलिस ने छानबीन शुरू की। रेलवे पुलिस द्वारा इसकी सूचना टोहाना थाना में भी दी। सूचना पाकर टोहाना से थाना प्रबंधक देवीलाल भी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचें। पुलिस टीम ने शव अपने कब्जे में लेकर छानबीन कर शव की पहचान कर उसके परिवारजनों का पता लगाने में जुटी हैं। युवती के पास पहचान संबंधित कोई दस्तावेज भी नहीं मिला हैं, जिसके चलते युवती की शिनाख्त नहीं हो पाई हैं। पुलिस जांच अधिकारी मुताबिक मृतक युवती के गले पर निशान है, जबकि अभी तक चोट आदि के कोई निशान नहीं मिले हैं। पुलिस इस मामले को हत्या से जोड़कर देख रही हैं, जबकि असलियत पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही सामने आएगी। जांच अधिकारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस मामले में तफ्तीश कर रहीं हैं।

## शरीरदानियों की सूची में जुड़ा नियामत राम


**फतेहाबाद।** देहदानी नियामत राम सचदेवा को अंतिम विदाई देते परिजन व डेरा श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

डेरा सच्चा सौदा सिरसा से प्रेरणा लेकर देहदान करने वालों की सूची में आज एक ओर नाम जुड़ गया। फतेहाबाद के नियामत राम सचदेवा का पिछले कुछ दिनों से खराब स्वास्थ के चलते निधन हो गया था। परिजनों ने बताया कि उनके पिता ने अपने जीते जी मरणोपरांत शरीरदान का फार्म भरा हुआ था। उनकी अंतिम इच्छा को पूर्ण करते हुए और डेरा प्रमुख संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह इन्सां की प्रेरणा पर चलते हुए चिकित्सा व शोध कायारे् के लिए उनका शरीर जांलधर मेडिकल कॉलेज पंजाब को दान कर दिया। ब्लॉक कमेटी जिम्मेवार ने बताया कि शिव नगर निवासी नियामत राम सचदेवा ने अपने पूरे परिवार को गुरु की प्रेरणानुसार इन्सानियत की राह में लगाया व अपने परिवार को मानवता भलाई के हर कार्य में अग्रणी रखा। उनकी अंतिम यात्रा के समय ब्लॉक के प्रेमी सेवक व शरीरदानी के परिवारजनों तथा साध-संगत ने विनती भजन बोलकर व शरीरदानी नियामत सचदेवा अमर रहे के नारे लगाकर पूरे सम्मान के साथ उनकी पार्थिव देह को एम्बुलेंस में विदा किया। उनके पार्थिव शरीर को फूलों से सजी एंबुलैंब में सजाकर साध-संगत ने शहर के मुख्य मागारे् से शव यात्रा निकालकर अपनी अंतिम विदाई दी। पोतियां नेहा सेठी, कोमल, नजब, आयत, सरिता, बहु वीना रानी, प्रीति, आशा रानी, पोतों की बहू प्रियंका रानी, पायल, दीक्षा, सोनम ने अर्थी को कंधा दिया।

### महावीर अवार्ड के लिए आवेदन आमंत्रित

**सिरसा।** भगवान महावीर फाउंडेशन के लिए 28वें महावीर अवार्ड के लिए योग्य प्रार्थियों से आवेदन आमंत्रित किए है, इसके लिए योग्य प्रार्थी 30 जुलाई तक अपना आवेदन जमा करवा सकता है। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि भगवान महावीर फाउंडेशन की तरफ से 28वें महावीर फाउंडेशन अवार्ड के लिए आवेदन आमंत्रित किए है। इस अवार्ड के लिए गरीब समाज के लिए सेवाएं देने वाले संस्थान और लोग आवेदन कर सकते हैं। इस योजना के तहत अहिंसा और शाकाहार, शिक्षा, दवा व सामुदाय और सामाजिक सेवा के अवार्ड दिए जाएंगे। प्रत्येक अवार्ड में 10 लाख रुपये का नकद पुरस्कार, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह दिया जाएगा।

### रेडक्रॉस सोसायटी ने शुरू की अनूठी पहल

# गांव स्तर पर युवाओं के बन सकेंगे कंडक्टर लाइसेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** पटवार भवन के पास स्थित रेडक्रॉस सोसायटी का कार्यालय।

जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा अनूठी पहल शुरू की गई है जिसके अंतर्गत युवा अपने गांव में ही कंडक्टर लाइसेंस बनवाने वाले युवाओं की लिस्ट तैयार कर रेडक्रॉस सोसायटी में जमा करवा सकते हैं, जिसके आधार पर फर्स्ट एड का बैच गांव के स्तर पर ही लगाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि इसके लिए भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, नई दिल्ली के नियमानुसार 30 युवाओं का होना जरूरी है। उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष राहुल नरवाल ने बताया कि अब रेडक्रॉस सोसायटी भवन में भी नियमित रूप से प्रोफेशनल फर्स्ट एड ट्रेनिंग के बैच शुरू किए जा रहे हैं जिसकी शुरूआत 18 जून से होगी, जिसके लिए पंजीकरण शुरू कर दिया गया है। कोई भी युवा जो 18 वर्ष से अधिक है वह अपना पंजीकरण वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट आईआरसीएसएफए डॉट ओआरजी पर करवा सकता है। उपमंडल एवं गांव स्तर पर ही प्रोफेशनल फर्स्ट एड ट्रेनिंग नियमित रूप से शुरू हो जाने से युवाओं का समय और धन दोनों ही बच पाएंगे। उपायुक्त ने बताया कि जिले के जाखल व टोहाना सहित विभिन्न स्थानों से युवाओं को फतेहाबाद ना आना पड़े, इसके लिए भी व्यवस्था की गई है और रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा नियमित रूप से यह ट्रेनिंग शुरू करने के लिए रेडक्रॉस सोसायटी के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। डीसी राहुल नरवाल ने बताया कि पहले एक माह में एक ही बैच लगाया जाता था, जिससे युवा कंडक्टर लाइसेंस बनवाने से वंचित रह जाते थे। अब युवाओं के लिए एक माह में 3 से 4 बैच लगाए जाएंगे जिससे कि युवाओं को भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, सैंट जॉहन (भारत) से प्रोफेशनल प्रमाण पत्र प्राप्त हो सकें और बिना किसी देरी के उनका कंडक्टर लाइसेंस बन सके।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9653530209, 9315429403, 9253681005